## लाईव तस्वीरों के जरिये राजनैतिक दल एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधि कर रहे स्ट्रांग रूम की निगरानी

# 99 सीसीटीव्ही कैमरों से रखी जा रही स्ट्रांग रूम पर नजर

जबलपुर।

लोकसभा चुनाव के लिये जबलपुर संसदीय क्षेत्र में 19 अप्रैल को हुये मतदान के बाद ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विधानसभा वार बनाये गये स्ट्रांगरूम में रखा गया है। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवानों ने संभाल रखी है। स्ट्रांगरूम के पास किसी को भी जाने की अनुमति नहीं है। वहीं स्ट्रांगरूम के भीतर और उसके चारों ओर की प्रत्येक गतिविधि पर 99 सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों अथवा उनके अभिकर्ताओं के समक्ष सीसीटीव्ही कैमरों की लाइव तस्वीरें प्रदर्शित करने प्रशासनिक भवन के ठीक सामने स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजिनियरिंग के मैदान पर बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। इस स्क्रीन पर बारह कैमरों की लाइव तस्वीरें चौबीस घण्टे प्रदर्शित की जा रही हैं । ये कैमरे प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर बने सभी आठ विधानसभाओं के अलग-अलग बने स्ट्रांगरूम के प्रवेश द्वार पर, एक कैमरा



इन स्ट्रांग रूमों के मुख्य प्रवेश द्वार पर, दो कैमरे स्ट्रांग रूम तक पहुँचने में इस्तेमाल की जाने वाली सीढ़ियों पर तथा एक कैमरा प्रशासनिक भवन के मुख्य द्वार पर लगाये गये हैं। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की सुविधा के लिये यहाँ बड़ा पंडाल भी लगाया गया हैं, जहाँ ये एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित इन सीसीटीव्ही की लाइव तस्वीरों के माध्यम से स्ट्रांगरूम पर चौबीस घण्टे निगरानी रख रहे हैं।

दूसरी ओर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक सक्सेना ने स्ट्रांगरूम की चौबीस घण्टे निगरानी रखने कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों को तैनात किया है। श्री सक्सेना ने रोस्टर तय कर जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की भी सप्ताह में एक-एक दिन सुबह और शाम स्ट्रांगरूम का निरीक्षण करने ड्यूटी लगाई है। इन्हें राजनैतिक दलों एवं उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को प्रतिदिन स्ट्रांगरूम का भ्रमण कराने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांगरूम अब मतगणना दिवस की सुबह निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किये जाने वाले गणना प्रेक्षकों तथा राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में खोले जायेंगे।

# पमरे ने स्क्रैप और अन्य से कमाए 84 सौ करोड़

## पमरे के लिए वर्ष 2023-24 राजस्व में उपलब्धियों से भरा रहा

जबलपुर।

पमरे ने स्क्रैप बिक्री, जीएसटी कलेक्शन और केपिटल एक्पेंडिचर से 8400 करोड़ से अधिक ओरिजनेटिंग रेवेन्यु अर्जित किया हैं। पमरे के लिए वर्ष 2023-24 रेलवे राजस्व में उपलब्धियों से भरा रहा जिसके पीछे पीछे महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर प्रयासों को बताया जा रहा है। जिससे पमरे ने रिकॉर्ड कैपेक्स हासिल किया। इसके अलावा पमरे ने वर्ष 2023-24 में प्रारंभिक (ऑर्जिनेटिंग) रेवन्यू, अन्य रेल राजस्व, स्क्रैप बिक्री एवं जीएसटी कलेक्शन आदि महत्वपूर्ण रेवन्यू में भी शानदार प्रदर्शन किया।

पमरे ने रिकॉर्ड कैपेक्स में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रूपये 7218 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रूपये 10275 करोड़ का रिकॉर्ड कैपेक्स के साथ 42 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई हैं। यह पमरे का उच्चत्तम कैपेक्स रिकॉर्ड बताया जा रहा है। प्राम्भिक (ऑर्जिनेटिंग) आय में इस विगत वित्तीय वर्ष में 7808 करोड़ रुपये की तुलना में इस वित्तीय वर्ष के दौरान 8492 करोड़ रुपये का ऑर्जिनेटिंग राजस्व हासिल किया है, जो कि 9 प्रतिशत अधिक है। जबलपुर मण्डल ने वर्ष 2023-24 के दौरान 4845 करोड़ रुपये ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू अर्जित किया, जो वर्ष 2022-23 में 4254 करोड़ रुपये अर्जित रेवन्यू की तुलना से 14 प्रतिशत अधिक है। विगत वित्तीय वर्ष से



भोपाल मंडल ने 4 फीसद अधिक एवं कोटा मंडल ने 1 प्रतिशत अधिक रेवन्यू अर्जित किया। इसी तरह पमरे ने यात्री यातायात, माल यातायात एवं संड्री आय में शानदार उपलब्धि हासिल कर राजस्व अर्जित किया है। पमरे ने यात्री यातायात में पिछले वित्तीय वर्ष की अपेक्षा 13 फीसद, माल यातायात में 7 फीसद, संड्री आय में 16 फीसद अधिक राजस्व अर्जित किया। इसी तरह स्क्रैप बिक्री में 46 फीसद अधिक राजस्व अर्जित किया वहीं जीएसटी कलेक्शन में विगत वित्तीय वर्ष से 13 फीसद बढ़ोत्तरी हुई। बताया गया कि जीएम श्रीमति बंदोपाध्याय के निरंतर मार्गदर्शन एवं सुनिश्चित रेलवे दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा द्वारा रेल राजस्व वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

# अब सीएम हेल्पलाइन में की जा सकेगी खुले बोरवेल की शिकायतें

**जबलपुर**। खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने राज्य शासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन में नया मॉडयूल जोड़ा गया है। इस नवाचारी प्लेटफार्म के माध्यम से प्रदेशवासी खुले बोरवेल से संबंधित अपनी शिकायतें आसानी से एप्लीकेशन में दर्ज कर शासन की त्वरित कार्यवाही से लाभान्वित हो सकते हैं। शिकायत दर्ज करने के लिए उपयोगकर्ता को सर्वप्रथम गूगल प्लेस्टोर से सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा। निर्धारित स्थान पर अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद उपयोगकर्ता को प्राप्त हुए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) का एप्लीकेशन द्वारा सत्यापन किया जायेगा। इस प्रक्रिया के पूर्ण हो जाने पर उपयोगकर्ता को सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन के मेनू में दिए गए बोरवेल शिकायत खोलें विकल्प परक्लिक करना होगा। जिसकेबादउसे शहरीया ग्रामीण विकल्प के माध्यम से अपना स्थान चुनना होगा। इसी प्रकार उसे स्थान के आधार पर स्वचालित अद्यतित उपविभाग, जिला, ब्लॉक एवं अपने वार्ड या ग्राम का चयन करना होगा। उपयोगकर्ता को बोरवेल से संबंधित अपनी शिकायत का विवरण दर्ज करने के साथ ही खुले बोरवेल की तस्वीर भी कैप्चर करनी होगी। सब्मिट बटन पर क्लिक करने पर उसकी शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी जायेगी और शिकायतकर्ता को एसएमएस द्वारा शिकायत आईडी प्राप्त हो जायेगी।

# दो बाईको में भिडंत, 2 घायल

**जबलपुर**। बरगी थाना अतंर्गत मराहापाठा मोड़ के पास दो बाईकों की आपस में भिडंत हो गई। जिससे दोनों बाईकों में सवार दोनों युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। बरगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब बैंक कालोनी दमोहनाका निवासी 40 वर्षीय मजदूर सुनील बर्मन गत दिवस अपने साथी कमलेश बर्मन, राकेश, मुकेश सिंह ठाकुर के साथ बरगी डेम घूमने आया था। मुकेश सिंह ठाकुर एवं कमलेश बर्मन एक मोटर साइकल मे तथा सुनील एवं राकेश दूसरी मोटर साइकल में बैठकर डेम से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही मराहापाठा में मोड के पास पहुँचे ही थे तभी मोटर साइकल क्रमांक एमपी 20 एनएल 8208 के चालक ने सुनील की बाईक को ओवरटेक करते हुए आगे चल रहे मुकेश सिंह ठाकुर की मोटर साइकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मुकेश सिंह ठाकुर एवं कमलेश बर्मन वहीं रोड पर मोटर साइकल सहित गिर गये एवं टक्कर मारने वाला मोटर साइकल क्रमांक एमपी 20 एनएल 8208- का चालक भी वहीं गिर गया था जो अपनी मोटर साइकल लेकर जबलपुर की ओर भाग गया एक्सीडेंट से कमलेश बर्मन को दायें पैर एवं मुकेश सिंह ठाकुर को बाएं हाथ में चोट आ गई है। सुनील और राकेश ने कमलेश बर्मन एवं मुकेश सिंह ठाकुर को जबलपुर में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# आधा दर्जन बदमाशों ने रास्ते में रोककर मांगा गुंडा टैक्स

## चाचा भतीजे पर किया हमला, मोबाइल लूट कर भागे

**जबलपुर**। गोराबाजार थाना अतंर्गत बिलहरी मंदिर के आगे जबरन रुपयों की मांग करने वालें सात बदमाशों ने एक चाचा भतीजे के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। झूमाझटकी के दौरान युवक का मोबाइल भी गिर गया जिसे बदमाशों ने अपने पार उठाकर रख लिया। पुलिस ने मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं चार आरोपी फरार हैं। गोराबाजार थाना प्रभारी नेहरु सिंह खण्डाते ने बताया कि चुंगी चौकी लाल मिट्टी घमापुर निवासी 22 वर्षीय पवित्र झा गत दिवस अपने रिश्ते के चाचा अमन वर्मा के साथ बरेला में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर चुंगी चौकी लालमाटी घमापुर आ रहा था, तभी बिलहरी शारदा मंदिर के आगे पहुंचा तो एक बाईक से चार लोग गालीगलौज कर चिल्लाते हुए आए और अपनी बाईक आगे करते हुए उनकी बाईक को रोक दिया और जबरन रुपयों की मांग करने लगे, पैसे नहीं देने पर चाचा अमन और भतीजे पवित्र के साथ घूसों एवं बेल्ट से मारपीट कर चोटें पहुंचा दी। मारपीट करते समय आरोपी एक दूसरे को आयूष, राजा, सागर एवं ऋषि नाम लेकर बात कर रहे थे। मारपीट करने से मना करने पर गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीछे से एक अन्य मोटर साइकल से तीन लोग आये वे भी रुके जिनको चारों सत्यम, अंशुल, निखिल नाम लेकर बात कर रहे थे और वो भी जान से मारने की धमकी देते हुए झूमाझटकी कर गाली गलोज व मारपीट कर दिए। इसी दौरान पवित्र का मोबाइल गिर गया जिसे आरोपी आयुष ने उठाकर अपने पास रख लिए और सभी लोग वहां से भाग गए। मारपीट से पवित्र एवं चाचा अमन वर्मा को सिर, ऑख के पास, हाथ, पेट, सीने में चोटें आ गयी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 341,327,294,506,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लेते हुए नई बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी आरोपी 19 वर्षीय निखिल सेन, 21 वर्षीय आदित्य उर्फ शुभम विश्वकर्मा, अंशुल कोरी को अभिरक्षा में लेते हुये घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल अंशुल कोरी से जप्त कर लिया है। वहीं शेष आरोपी फरार है।

# सर्पदंश से महिला की मौत

**जबलपुर**। बरगी थानांतर्गत पुरानी रेलवे स्टेशन बरगी के समीप रहने वाली एक महिला को खपरैल पर चढ़े सांप ने काट लिया। महिला को उसका पति गंभीर हालत में इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल ला रहा था। तभी बीच रास्ते में महिला की मौत हो गई। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। बरगी पुलिस ने बताया कि पुरानी रेलवे स्टेशन बरगी निवासी बल्लू बंशकार की पत्नी सुनीता वंशकार कल शाम घर के छत की खपरैल पर चप्पलें रख रही थी। तभी उसे किसी चीज के हाथ में काटने का एहसास हुआ तो वह चिल्लाई। घर के बाहर खड़े सुनीता के पति बल्लू बंशकार ने देखा कि काला सर्प छत के ऊपर तरफ जा रहा था। बल्लू अपनी पत्नी सुनीता को इलाज कराने मेडिकल अस्पताल ले जा रहा था।




# धरोहरों के संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास का आव्हान

## पिसहारी की मढ़िया में जैन धरोहर दिवस का आयोजन

**जबलपुर**। श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ संरक्षणी महासभा, जबलपुर संभाग एवं निर्ग्रंथ सेंटर आफ आर्पियोलॉजी, जबलपुर सर्पिल के संयुक्त तत्वाधान में विश्व धरोहर दिवस की ही भांति महासभा के अध्यक्ष से निर्मल सेठी की पुण्यतिथि के अवसर पर जैन धरोहर दिवस का आयोजन श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन प्रशासकीय संस्थान, पिसनहारी की मढिया, जबलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में निर्ग्रंथ सेंटर का आर्पियोलॉजी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग के अध्यक्ष डॉ यतीश जैन द्वारा जैन धरोहर दिवस के संदर्भ में संस्थान के विद्यार्थियों के समक्ष विस्तार से जानकारी दी गई। आपने अपने उद्बोधन में बताया कि हमें अपने धरोहरों के संरक्षण हेतु सार्थक प्रयास करना चाहिए एवं विश्व धरोहरों में ग्वालियर का गोपाचल पर्वत, उदयगिरि खंडगिरि की गुफाएं, मथुरा का कंकाली टीला एवं श्रवणबेलगोला (कर्नाटक) कि भगवान बाहुबली की मूर्ति को विश्व धरोहर की सूची में सम्मिलित करने हेतु सार्थक प्रयास किए जाने हैं। इस हेतु विभाग को अनेक बार पत्राचार किया जा चुका है। आपने बताया कि जनमानस में अपनी धरोहरों के प्रति एवं संस्कृति के प्रति गौरव का भाव जागृत कर उन्हें संरक्षण किया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डा.लक्ष्मी चंद जैन द्वारा विश्व के 40 देश में जैन धर्म का प्रचार प्रसार किया जा रहा है अनेक देशों में उनके द्वारा भी निर्मल सेठी के साथ यात्राएं की गई है। जैन धरोहरों को संरक्षण के प्रति जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम में श्री भारतवर्ष दिगंबर जैन महासभा जबलपुर संभाग के के सचिव जिनेंद्र जैन कोषाध्यक्ष अमिताभ जैन भारतीय एवं प्रशासकीय संस्थान के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य एडवोकेट सत्येंद्र जैन श्रीमती आभा जैन, शैलेश जैन पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बरिया वाला से चिंतामणि जैन एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर मेन से सचिव सचिन जैन द्वारा भी इस विषय पर प्रकाश डाला गया कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट अमिताभ जैन भारतीय द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती आभा जैन ज्वाइंट कमिश्नर जीएसटी द्वारा किया गया।

# फसल में उर्वरक और कीटनाशक छिड़काव अब ड्रोन से

## दो कृषि उद्यमियों को इफको ने दिये ड्रोन और इलेक्ट्रिक व्हीकल

**जबलपुर**। इफको द्वारा जिले के दो युवा कृषि उद्यमियों नीलेश पटेल एवं हरिकृष्ण लोधी को एक-एक ड्रोन एवं एक-एक इलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध कराया गया है। ड्रोन और इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल फसलों पर उर्वरक और कीटनाशकों के छिड़काव के लिये किया जायेगा। निर्धारित शुल्क चुकाकर किसान इनका इस्तेमाल अपने खेतों में कर सकेंगे। ड्रोन एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल वितरण के दौरान उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास रवि आम्रवंशी, सहायक संचालक अमित पांडे एवं इफको के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार मिश्रा भी मौजूद थे। दोनों कृषि उद्यमियों को ड्रोन के साथ 25 हजार एमएएच बैटरी सेट, फ्लैट जेट का एक सेट, ड्रोन बॉक्स के साथ सेंट्रीफ्यूगल नोजल का एक सेट, डीसीएस रिमोट, एक बैटरी चार्जर और दो फास्ट चार्जिंग हब तथा मैनुअल एवं लॉग के



साथ एनीमोमीटर और पीएच मीटर के साथ टूल बॉक्स भी प्रदान किये गये हैं । इनके अलावा 25 हजार एमएएच के तीन अतिरिक्त बैटरी सेट, एक अतिरिक्त डुअल चैनल फास्ट बैटरी चार्जर, छह पोर्ट के साथ एक अतिरिक्त बैटरी चार्जर हब, एक अतिरिक्त प्रोपेलर प्रति सेट भी दिया गया है। इफको द्वारा युवा कृषि उद्यमियों को दिये गये ड्रोन, इलेक्ट्रिक व्हीकल के प्रत्येक सेट की कीमत 14 से 15 लाख बताई गई है। इसमें करीब 8 लाख का ड्रोन, लगभग 5 लाख का इलेक्ट्रिक व्हीकल और 2 लाख रुपये के अन्य उपकरण शामिल हैं । कृषि में ड्रोन तकनीकी के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने उद्देश्य से दोनों कृषि उद्यमियों को ये निःशुल्क उपलब्ध कराए गये हैं। उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आम्रवंशी ने बताया कि ड्रोन द्वारा नैनो यूरिया एवं डीएपी का अपने खेत में छिड़काव करने हेतु कृषकों को 300 रुपये प्रति एकड़ शुल्क देना होगा। छिड़काव के लिये नैनो यूरिया एवं डीएपी कृषक को स्वयं क्रय कर उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने बताया कि किसान गूगल प्ले स्टोर से 'इफको किसान उदय' एप डाउनलोड कर सकते हैं। इस मोबाइल एप के माध्यम से किसानों को उनके क्षेत्र के पास उपलब्धता के आधार पर ड्रोन छिड़काव हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

# एआईएएनजीओ जीसीएफ ब्रांच ने स्थापना के 92 साल पूरे किए

**जबलपुर**। इंडिया एसोसिएशन के नों गैजेटेड ऑफीसर डीसीए ब्रांच का 92 वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। जेसीएम 4 के अजय रजक ने कार्यक्रम की शुरुआत में संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्य और उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया की वर्तमान में जो चार्जमेन को एडवांस डीपीसी मिल रही है और हाल ही में सप्लीमेंट्री डीपीसी हेतु डाटा मांगा गया है ,यह एआईएएनजीओ की ही उपलब्धियां है. ऐसी ही और कई उपलब्धियां के विषय में जानकारी दी गई और आने वाले समय में कैडर हित में संगठन के द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में सभी कैडरों को अवगत कराया. कार्यक्रम में हिमांशु देशपांडे और ज्ञानेंद्र मोहन राजपूत बतौर अतिथि अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर श्रीमती दीपा, श्रीमती साधना मिश्रा, नरेश वाजपेई, राजेंद्र असाटी, आशीष सहाय, शरद बोरकर ,संजय शाह ,राहुल कुमार, दिनेश पाली ,मनीष चौरसिया, पंकज रंजन, अंजनी कुमार, कमलेश विश्वकर्मा, सोमेंद्र धुरंधर ,मुकेश भट्टी, संतोष कुमार उपस्थित रहे।

## प्रमाणीकरण के प्रति जैविक खेती कर रहे किसानों में बढ़ा रुझान

# जिले में 1780 किसान कर रहे हैं जैविक खेती

जबलपुर।

किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप जैविक खेती अपनाने के साथ-साथ जिले में अब किसानों का रुझान जैविक प्रमाणीकरण की और भी बढ़ता जा रहा है। जैविक खेती कर रहे किसानों को अब यह बात समझ में आने लगी है कि बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुये उनके उत्पादों की स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच बनाने के लिये तथा अच्छी कीमत प्राप्त करने के लिये उनकी कृषि भूमि का जैविक प्रमाणीकरण होना जरूरी है। परियोजना संचालक आत्मा डॉ एस के निगम के मुताबिक जबलपुर जिले में कई किसान प्राकृतिक जैविक खेती कर रहे हैं किन्तु अभी तक उनकी रुचि अपनी कृषि भूमि के जैविक प्रमाणीकरण में नहीं थी। कृषि अधिकारियों द्वारा जैविक खेती कर रहे किसानों को जैविक प्रमाणीकरण से होने वाले फायदों की जानकारी दिये जाने पर उनका रुझान अब इस ओर



बढ़ने लगा है। डॉ निगम ने बताया कि जिले में फिलहाल 1 हजार 780 किसान जैविक खेती कर रहे हैं। इनमें से 9 किसान अपनी कृषि भूमि का जैविक प्रमाणीकरण करा भी चुके हैं। इन किसानों के उत्पादों को मिल रही अच्छी कीमत को देखते हुये और विभागीय अधिकारियों के प्रयासों के फलस्वरूप पिछले वर्ष दो तथा इस वर्ष तीन और किसानों ने जैविक प्रमाणीकरण के लिये आवेदन दिया है । इस वर्ष जैविक प्रमाणीकरण के लिये आवेदन देने वाले किसानों में हृदय नगर (सिहोरा) के कृषक जयराम केवट राय सिमरिया (सिहोरा) की कृषक श्रीमति सुधा गुप्ता एवं ककरेहटा (पाटन) के कृषक जसवंत पटेल शामिल हैं । इन कृषकों ने कृषि विभाग के विकासखंड स्तरीय अमले के माध्यम से जैविक प्रमाणीकरण के लिये अपना आवेदन भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्थान भोपाल में प्रस्तुत किया है। राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्थान द्वारा इन कृषकों के कृषि भूमि का निरीक्षण करने अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी को नामांकित किया गया है । डॉ त्रिपाठी ने आज शुक्रवार को हृदय नगर के कृषक जयराम के खेत का निरीक्षण भी किया है। जल्दी ही निरीक्षण प्रतिवेदन मध्य प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणीकरण संस्थान को प्रथम वर्ष का जैविक सर्टिफिकेशन जारी करने हेतु प्रेषित किया जायेगा। परियोजना संचालक आत्मा डॉ निगम के मुताबिक कृषि भूमि के जैविक प्रमाणीकरण की प्रक्रिया तीन वर्ष में पूर्ण होती है। इस दौरान यह देखा जाता है कि जैविक खेती में प्रतिबंधित आदानों का तथा प्रतिबंधित प्रक्रिया का इस्तेमाल तो नहीं किया गया है ।

अक्षय तृतीय के अबूझ मुर्हूत पर हो सकेंगे विवाह

# गुरु व शुक्र अस्त होने पर अब 29 जून के बाद गूंजेगी शहनाई

गुरु और सूर्य अस्त होने के बाद शुभ कार्यो पर विराम लग गया। अब लगभग दो महीनें शहनाई नहीं गुंजेगी, मुंडन, उपनयन जैसे शुभ कार्य भी नहीं होंगे। जबकि अन्य मंगलकार्य होते रहेंगे। भारतीय संस्कृति में ग्रहों नक्षत्रो की स्थिति को अत्यंत महत्व दिया गया है।

**जबलपुर**। सनातम मान्यता अनुसार गुरु व शुक्र के अस्त होने पर विवाह समारोह पर विराम लग जाता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार इस साल शुक्र ग्रह 23 अप्रैल को अस्त हो गए है और शुक्रोदय अब 29 जून को होगा। गुरु ग्रह भी 3 मई को अस्त हो जायेंगे। इस तरह अब 26 अप्रैल से 29 जून तक विवाह समारोह, मुंडन व उपनयन संस्कार वर्जित रहेंगे। जबकि गृह प्रवेश, वाहन खरीदी जैसे शुभ कार्य यथावत रहेंगे। जुलाई में भी सिर्फ 8 दिन ही विवाह के मुर्हूत है। 16 जुलाई को देवशयनी एकादशी है जिसके चलते 16 जुलाई से 12 नवंबर तक फिर विवाह पर रोक लग जायेगी। 12 नवंबर को देवउठनी ग्यारस के बाद विवाह मुर्हूत शुरु होंगे, इस बीच 10 मई को अक्षय तृतीय मुर्हूत अबूझ मुर्हूत में जरुर विवाह होंगे। जुलाई में 3, 9, 10,11,12,13,14 और 15 जुलाई को ही मुर्हूत है। ज्योतिषाचार्यो के अनुसार



विवाह के लग्न मुर्हूत देखते समय गुरु और शुक्र ग्रह का अच्छी स्थिति में होना आवश्यक होता है। इनमें से एक भी ग्रह अस्त होने या खराब स्थिति में होने पर उस तिथि में विवाह का मुर्हूत नहीं बनता है। देवगुरु बृहस्पति और शुक्र देव को विवाह के लिए कारक माना जाता है। यदि किसी व्यक्ति की पुंडली में गुरु और शुक्र ग्रह मजबूत स्थिति मे होते है तो जल्द शादी के योग बनते है। इन दोनों ग्रहों के कमजोर होने पर विवाह में बाधा आने लगती है। यह भी माना जाता है कि गुरु और शुक्र तारा के अस्त होने पर विवाह नहीं किया जाता है। इस बार 23 अप्रैल को शुक्र ग्रह अस्त हा गए है। 29 जून तक शुक्र अस्त रहेंगे। इसी दौरान गुरु ग्रह 3 मई को अस्त हो रहे है। 3 जून को फिर से देव गुरु बृहस्पति उद हो जायेगे। इस रतह 30 जून के बाद ही विवाह संभव है। ज्योतिषाचार्य पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि गुरु व शुक्रास्त होने की दशा में मुंडन, उपनयन व विवाह को छोड़कर अन्य मंगलकार्य होते रहेंगे।



# 5 मई को शाह ऑडिटोरियम दिल्ली में होगा सहज समिट

## युवाओं की सुंदर प्रस्तुति से सिखाई जाएगी सहज जीवन की कला

**जबलपुर**। पहली बार देश की राजधानी में अनेक नव युवाओं की टीम "सहज स्प्रिट" दिल्ली के शाह ऑडिटोरियम में 5 मई 2024 को एक शानदार, अद्भुत और ऐतिहासिक आयोजन करने जा रही है।

टीम सहज स्प्रिट के दीपक राज जैन ने बताया कि यह आयोजन अपने आप में एक बहुत ही शानदार एवं यादगार आयोजन साबित होने वाला है जो भारत सहित सभी दिल्ली वासियों के लिए एक अनोखा दिन होगा। इस सम्मिट में कुल 700 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी, कार्यक्रम इतना सुदंर होने वाला है कि पूरे दिल्ली महानगर के चारों ओर से लोग इसमें पधारने वाले हैं, जिनके साथ देश के जाने माने विद्वान, प्रोफेसर, स्कोलर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। सहज सम्मिट में अनेक प्रकार के सेमिनार, म्यूजिक कॉन्सर्ट, आर्ट, पोयट्री, डांस, नाटक आदि अनेक विधाओं के साथ सहज रहने की कला सिखाने वाला यह उत्सव वाकई एक शानदार इवेंट होगा। **सहज सेलेब्स से बातचीत करने का मौका**- कार्यक्रम में अनेक सहज एक्पर्ट के द्वारा सहज रहने के गुर सिखाए जाएंगे। इसमें लोकप्रिय स्पीकर, लेखक, अधिकारी भी पधारेंगे। **सात्विक भोजन का भी मिलेगा लाभ**-श्री जैन ने बताया कि जो लोग इस सम्मिट में शामिल होने जा रहे हैं उनके लिए विशेष रूप से तीनों समय के सात्विक भोजन का प्रावधान टीम के द्वारा किया गया है।**युवाओं की रहेगी पहल**-इस आयोजन की सबसे बड़ी बात यह रहेगी कि अनेक युवा जो कि अभी वर्तमान में विद्यार्थी हैं और दिल्ली में ही अध्ययन कर रहे हैं उनके द्वारा ही इस पूरे कार्यक्रम को संयोजित किया जा रहा है।



## विप्र समाज का द्वितीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर**। शुभ विवाह विप्र समाज संस्था के द्वारा द्वितीय युवक युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम 28/04/2024 दिन रविवार को आर्य समाज मंदिर रसल चौक जबलपुर में संपन्न हुआ। दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें सर्व प्रथम शुभांगी प्यासी ने स्वागत गीत गाया, उसके बाद अनवरत अविवाहित युवक युवतियों ने अपना अपना परिचय मंच में आकर दिया। इस कार्यक्रम में जबलपुर, दमोह, सागर, कटनी, मंडला, सिहोरा, सिवनी छिंदवाड़ा, उमरिया, शहडोल, सतना, रीवा आदि अन्य स्थानों से विप्र परिवारों का आगमन हुआ। कार्यक्रम के पश्चात पंडित रामाधार प्यासी ने सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। आयोजन में संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, संध्या प्यासी, माया उपाध्याय, वसुंधरा गौतम, रीता दुबे, रानी मिंश्रा आदि की उपस्थित रही।

ग्लोरियस स्कूल वार्ड नम्बर 11 में भागवत कथा

## श्रीकृष्ण ने लीला दिखाकर जगत को आनंदित किया: स्वामी मुकुंददास

**सिहोरा**। भगवान श्रीकृष्ण ने तरह तरह की लीलाएं दिखाकर जगत को आनंदित किया तथा दैत्यों का उद्धार कर उनके भार से धरती को मुक्त किया उक्ताशय के विचार डॉ स्वामी मुकुंद दास जी महाराज गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर ने ग्लोरियस स्कूल वार्ड नम्बर 11 में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण बाल लीला एंव गोवर्धन पूजा की मीमांसा करते हुए व्यासपीठ से व्यक्त किए।स्वामी जी ने आगे कहा जो भक्त को अपनी ओर आकर्षित कर ले वह कृष्ण है। निर्मल और सहज मन में ही भगवान आते हैं लेकिन माया में हम सभी इतने ग्रसित है की भगवान का स्मरण करने का समय नहीं है। आगे कहा प्रेम का अर्थ देना समर्पण करना हम कभी भी मठ मंदिर जाये तो तैयार होकर जाये और अपने आप को भगवान को समर्पित कर दें। कन्हैया को मारने सुंदर रुप धारण करके



पूतना गोकुल अपने स्तन में कालकूट जहर लगाकर पहुंची और मायापति को गोद में उठाकर जैसे ही दुग्ध पान करा रही थी तो उन्होंने उसके अंदर के असुद्ध विचारों को पीकर उसका उद्धार कर दिया तथा जब पूतना का संस्कार किया गया तो उसके शरीर से चंदन की महक आने लगी इस तरह वह है भगवान के स्पर्श से वह चंदन की तरह महकने लगी थी। आगे कहा नंद बाबा के यहां आंगन में बेलगाड़ी रखी है वहीं सुरभी गाय बंधी है उसी बेलगाडी में सवा महिने के कन्हैया की पालकी को टांग दिया और छाया कर दी कंश ने सकटासुर दैत्य को कन्हैया को मारने भेजा तो मचलते मचलते अपने पैर को ऊपर किया और सकटासुर का उद्धार कर दिया इसी तरह अपनी लीला दिखाकर उन्होंने अनेक दैत्यों का संहार किया। गाय के गौमुत्र और कंडे के महत्व को बताते हुए कहा की नवजात बच्चे को कभी कोई नजर लग जाये तो गाय का गोमुत्र छिड़क दे तो ठीक हो जायेगा इसी तरह चर्मरोग हो जाये तो गाय के कंडे को जलाकर उसको छानकर शरीर में लगा दें तो सारे रोग दूर हो जायेगे। कथा के पूर्व यजमान सुबोध पांडेय, श्रीमती गीता पांडेय, प्रमोद, प्रदीप, अनिल, रजनीश, नरेन्द्र मनेन्द्र,अतिन, संतोष, सचिन पांडे, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, राजेश कुररिया, केशव मिश्रा, योगेंद्र परौहा आदि ने व्यासपीठ की पूजन किया।

हायर सेकंडरी कला संकाय में हासिल किए 93 प्रतिशत अंक

## ऑटो चलाने वाले की बेटी विकांक्षा चौबे का सपना सिविल सर्विसेज में जाने का

**सिहोरा**। हायर सेकंडरी परीक्षा में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्रा ने शानदार सफलता हासिल कर अभावों के बीच अपनी मेहनत के बल पर सफलता हासिल कर साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। जिस प्रकार से कीचड़ में कमल व कांटों के बीच गुलाब अपनी सुंदरता एवं सुगंध फैलाता है उसी प्रकार से ग्रामीण क्षेत्र से भी प्रतिभाओं ने कठिन परिश्रम के बल पर लक्ष्य हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। वार्ड नंबर 8 ब्राह्मण पुरा बुढ़ी माई मंदिर के समीप निवासरत एवं शासकीय सी एम राइस विद्यालय सिहोरा में अध्ययनरत छात्रा विकांक्षा चौबे ने हायर सेकेंडरी परीक्षा कला संकाय में 500 में से 467 अंक 93.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विकांक्षा के पिता नरसिंह दीपा चौबे चार पुत्री सहित 8 सदस्य परिवार का उदर पोषण ऑटो चलाकर करते हैं। विकांक्षा के पिता का कहना है कि उनके चारों पुत्री उनका अभिमान है। विकांक्षा की सबसे बड़ी बहन विशाखा चौबे पीएससी की तैयारी कर रही,दुसरे नम्बर की वैशाली नेट की तैयारी कर रही,तीसरी विधि चौबे इस शाल बीए में है। सबसे छोटी विकांक्षा चौबे ने भी हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराकर सिविल सर्विसेज में जाने की इच्छा जताई है। इनके मां बाप भी इनकी सफलता से फूले नहीं समा रहे हैं।



## अपनों का सहारा पाने तरस रही वृद्धा सरस्वती बाई

### अज्ञात वृद्धा की गरीब नवाज कमेटी ने की मदद



**जबलपुर**। ज्ञानगंगा कॉन्वेंट स्कूल निवासी रविन्द्र कुमार झारिया ने गरीब नवाज कमेटी को जानकारी दी कि सरस्वती बाई उम्र लगभग 75 वर्ष को कोई अज्ञात व्यक्ति पटेल नगर महाराजपुर ज्ञानगंगा कॉन्वेंट स्कूल के पास छोड़ गया था, जिसके संबंध में कमेटी सदस्यों ने जानकारी जुटाने की कोशिश की लेकिन सही जानकारी प्राप्त न होने पर गरीब नवाज कमेटी के सदस्यों ने वृद्धा को 108 एम्बुलेंस की मदद से विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के उपरांत वृद्धा को स्वस्थ पाया, लेकिन विक्टोरिया में वृद्धा के भर्ती नहीं किए जाने पर कमेटी सदस्यों ने ओमती थाना में सूचना दी, इसके उपरांत ओमती पुलिस की सहायता से वृद्धा सरस्वती बाई को शेल्टर हाउस में ठहराया गया। वृद्धा ठीक से बोल नहीं पा रही है, लेकिन उसने बेटा सुहाग सिंह का नाम बताया है। इस कार्य में कमेटी के आबिद बाबा, मो. करीम, दीपक निगम, रियाज अली, बाबू खान, बच्चू नानकानी ने सहयोग प्रदान किया।



## बिलहरी में नियम विरुद्ध किया जा रहा बार का संचालन

**जबलपुर**। बिलहरी निवासी नागरिकों ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के नाम पत्र सौंपकर बताया कि रानी अवंती बाई वार्ड अंतर्गत बिलहरी गोपालपुरम मेन रोड में चस्का बार खोलने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसका विरोध हम सभी बिलहरी के नागरिक करते हैं, क्योंकि इस तरह का संचालन ही रहवासी क्षेत्र में किया जाना नियम विरूद्ध है।पूर्व में बिलहरी देशी शराब दुकान संचालित की जाती थी, जिसे बिलहरी की जनता के आग्रह पर दादा ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा विधानसभा में देशी शराब दुकान बन्द कराने का प्रश्न उठाकर आपत्ति दर्ज कराई गई थी, जिसमें निर्णय लिया गया था कि बिलहरी खंदारी पुल के पहले कोई भी शराब दुकान या बार संचालित नहीं किया जा सकता है। बावजूद इसके आखिर किन नियमों के तहत बार की परमिशन संबंधित विभागों के द्वारा दी गई है?निम्न कारणों से हम चस्का बार का विरोध कर रहे हैं जो कि न्यायोचित है। जबकि 1. कुछ ही दूरी पर गोपालपुरम माध्यमिक शासकीय स्कूल है।2. कुछ ही की दूरी पर जीनियस पब्लिक स्कूल है।3. कुछ ही दूरी पर बड़े हनुमान जी का मंदिर है।4. चस्का बार से महज 15 फिट की दूरी से लगे हुए दो ब्युटी पार्लर संचालित हो रहे हैं, जिसमें महिलाओं का दिनभर आना-जाना लगा रहता है।

## मानकुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक

### बरेला परिक्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय को किया गौरवान्वित

**बरेला/जबलपुर**। मान कुंवारी हंसा हायर सेकेंडरी स्कूल बरेला शाला संचालक वैभव जोसवा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के वार्षिक परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें मान कुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के विद्यार्थियो ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बरेला परिक्षेत्र में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित महसूस करने का अवसर प्रदान किया। वहीं दूसरी ओर राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश द्वारा भी कक्षा आठवीं एवं कक्षा पांचवीं का वार्षिक घोषित किया गया जिसमें मान कुंवारी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के विद्यार्थियों ने कक्षा आठवीं एवं कक्षा पांचवीं में भी बरेला परिक्षेत्र में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया है वही विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ईएस जोसवा हिन्दी मीडियम, प्राचार्या श्रीमती नम्रता जोसवा (अंग्रेजी माध्यम) एवं अनुभवी शिक्षकों के साथ अपने माता-पिता को दिया है। बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर बरेला नगर में प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों को एवं अन्य सभी विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन समिति सचिव एस मसीह ने शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। **परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा-**



कक्षा बारहवीं गणित संकाय प्रथम स्थान-सिद्धी उपाध्याय 88.20% (अंग्रेजी माध्यम), द्वितीय वैष्णवी पटेल 87.80% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय हनी पांडे 87% (हिन्दी माध्यम), कक्षा बारहवीं वाणिज्य संकाय- प्रथम स्थान शालिनी कमलेश सेन 88.80%, द्वितीय अंशिका पटेल 87% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय आशीष चौधरी 83.80% (अंग्रेजी माध्यम), कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय- प्रथम स्थान- छाया साहू 83.20% (अंग्रेजी माध्यम), द्वितीय कृति जैन 80.40% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय अंजली बर्मन 79.0% (अंग्रेजी माध्यम), कक्षा दसवीं प्रथम स्थान - सुहानी लोधी 92.40% (अंग्रेजी माध्यम), द्वितीय वैष्णवी विश्वकर्मा 90.80% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय समिक्षा चौकसे 90.60 प्रतिशत (हिन्दी माध्यम), कक्षा आठवीं प्रथम स्थान काव्या पांडे 93.66% (हिन्दी माध्यम), द्वितीय आरना दीक्षा 91.66% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय प्राची साहू 91.16% (हिन्दी माध्यम), कक्षा पांचवीं प्रथम स्थान - अनुकृति मार्को 90.50% (अंग्रेजी माध्यम), द्वितीय आदर्श खांडेकर 89.5% (अंग्रेजी माध्यम), तृतीय अनुष्का चौधरी 87.75% (अंग्रेजी माध्यम)।

## निधन




**श्रीमती सरोज श्रीवास्तव**- धनवंतरी नगर निवासी श्री श्याम बहादुर श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज श्रीवास्तव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकुमारी ठाकुर**- पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री मदन सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती राजकुमारी ठाकुर (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती वंदना प्रजापति**- मानेगांव रांझी निवासी श्री पंकज प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना प्रजापति (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तनु सोंधिया**- कांचघर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री सुशील सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती तनु सोंधिया (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान शर्मा**- मानेगांव रांझी निवासी श्री भगवान शर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश सोनकर**- भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री चमन लाल सोनकर के पुत्र श्री मुकेश सोनकर (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अनिल चावरे**- बेलबाग थाने के पास पुलिस क्वाटर्स निवासी श्री रामलाल चावरे के पुत्र श्री अनिल चावरे (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ बेन**- लकडग़ंज निवासी श्री दशरथ बेन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश राजपूत**- गोरा बाजार केंट निवासी श्री महेश राजपूत (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजवीर सोनकर**- खटीक मोहल्ला घमापुर निवासी श्री नंदा सोनकर के पुत्र श्री राजवीर सोनकर (20) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन लाल नामदेव**- आमनपुर मदनमहल एचपी गैस गोदाम के पास निवासी श्री रोशन लाल नामदेव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175



## होनहार छात्र का किया सम्मान

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन और जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की स्प्रिंगडे हाई सेकेंडरी स्कूल आधारताल के छात्र मोहम्मद जैद ने मध्य प्रदेश बोर्ड द्वारा जारी कक्षा1 12वीं के परीक्षा परिणामों में 93.4 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने छात्र मोहम्मद ज़ैद को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मोहम्मद ज़ैद पिता मोहम्मद ज़ियाउर्रहीम और माता आसमा ज़िया के पुत्र हैं। संगठन के अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, मीनुकांत शर्मा, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, सुधीर अवधिया, एनोस विक्टर, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, अब्दुल सत्तार, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, देवेंद्र भट आदि ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नि:शुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लास के छात्रों का कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में रहा शत-प्रतिशत सफलतम परिणाम

**जबलपुर**।


बरेला नगर में विगत दस वर्षों से निःशुल्क कोचिंग क्लासेस चला रहे मयंक साहू ने हमारे संवाददाता को जानकारी देते हुए बताया कि बरेला नगर निःशुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लासेस बरेला की शुरुआत का प्रमुख उद्देश्य गरीब, असहाय एवं पिछड़े वर्ग के विधार्थियों को शिक्षा उपलब्ध कराकर राष्ट्र निर्माण हेतु सजग बनाना है, जिस हेतु निःशुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लासेस बरेला परिक्षेत्र के ज़रुरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर तैयार कर रही है जिससे वह सभी विद्यार्थी अपने भविष्य का निर्माण कर बरेला परिक्षेत्र एवं अपने माता पिता का नाम रोशन कर सकें। निःशुल्क शिक्षा के उद्देश्य पर संचालित निःशुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लासेस बरेला के विद्यार्थी परिक्षेत्र में विगत कई वर्षों से अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के साथ कक्षा आठवीं एवं कक्षा पांचवीं के परिणाम घोषित किए गए हैं जिसमें निःशुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लासेस बरेला के समस्त विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर शत प्रतिशत परिणाम दिया है। बोर्ड परीक्षा में निःशुल्क स्टूडेंट कोचिंग क्लासेस बरेला के विद्यार्थियों का परिणाम इस प्रकार है- कक्षा दसवीं गायत्री साहू 70%, हंसिका बैरागी 65%, महक मेहरा 70%, कुमकुम यादव 62 प्रतिशत, कक्षा ग्यारहवीं अंजलि सेन 70%, यशी यादव 65 प्रतिशत, तेजस्वी यादव कक्षा नवमी 78%, भावना कर्मी 81%, पलक श्रीपाल 83%, योगेश बरकडे.84%, आयुष चौधरी 83%, हर्षित नाम 82 प्रतिशत, सार्थक चक्रवर्ती 71 प्रतिशत, श्वेता झरिया 72%, शीतल विश्वकर्मा 70%, खुशी पटेल 81%, शिक्षा पटेल 71%, अंबिका नामदेव 65%, राखी चौरसिया 65%, कक्षा आठवीं ऋषि सेन 80%, सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।





हरिभूमि रण भूमि लोकसभा

सत्ता संग्राम-2024



*लोकसभा चुनाव में पहली बार उतरे रायपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय का मुकाबला सियासी तौर पर हैवीवेट माने जाने वाले भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल से हो रहा है, लेकिन इस चुनाव में विकास उपाध्याय धन खर्च करने के मामले में बृजमोहन से आगे चल रहे हैं। उधर दुर्ग सीट पर भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने चुनावी खर्च के मामले में अपने प्रतिद्वंदी राजेंद्र साहू को बहुत पीछे छोड़ रखा है। इन दोनों सीटों पर अन्य दलों के प्रत्याशी दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों के मुकाबले धन खर्च करने में बहुत दूर नजर आ रहे हैं। इन दोनों सीटों पर 7 मई को मतदान होगा।*

# रायपुर में चुनावी खर्च में बृजमोहन से आगे विकास दुर्ग में बघेल कांग्रेस से कई गुना अधिक लगा चुके

### 7 मई को तीसरे चरण में यहां होगी वोटिंग

### अन्य दलों के प्रत्याशी खर्च करने में पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से एक प्रमुख सीट रायपुर लोकसभा है। पिछले कई चुनावों के परिणामों को देखा जाए तो इस सीट पर भाजपा का राज रहा है। यह सीट 1991 से लगातार भाजपा जीत रही है। पिछले चुनाव में भी भाजपा ने करीब साढ़े तीन लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी, लेकिन पार्टी ने इस बार वर्तमान सांसद सुनील सोनी को इस बार टिकट नहीं दिया। उनकी





जगह कहीं अधिक प्रबल प्रत्याशी के रूप में विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को उतारा है, जो विधानसभा के आठ चुनाव लगातार जीत चुके हैं। लोकसभा चुनाव में बृजमोहन अग्रवाल ने अब तक 5 लाख, 13 हजार 581 रुपए खर्च का हिसाब निर्वाचन आयोग को दिया है, लेकिन उनके मुकाबले उतरे कांग्रेस के विकास उपाध्याय कम से कम खर्च के मामले में तो भाजपा के हैवीवेट प्रत्याशी से आगे हैं। उन्होंने अब तक 7 लाख 12 हजार 587 रुपए खर्च किए हैं।

**रायपुर से 38 प्रत्याशी मैदान में**

*रायपुर लोकसभा सीट से इस बार 38 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा छोटे दल और कई निर्दलीय प्रत्याशी भी शामिल हैं। यहां से बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी ममता रानी साहू हैं। वे कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशियों से खर्च के मामले में काफी पीछे हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी हीरानंद नागवानी मैदान में है। वे अब तक 45 हजार 370 रुपए लगा चुके हैं। जबकि हमर राज पार्टी के उम्मीदवार सुरेश कुमार नेताम ने 20 हजार 750 रुपए खर्च किए हैं।*

### दुर्ग में दम दिखा रहे विजय बघेल

दुर्ग लोकसभा सीट से 2019 का चुनाव करीब 3 लाख 60 हजार वोटों से जीतने वाले भाजपा नेता विजय बघेल इस बार के चुनाव में भी पूरी ताकत दिखा रहे हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के राजेंद्र साहू से है। विजय बघेल ने अब तक 14 लाख 7 हजार 716 रुपए खर्च किए हैं, पर इनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे राजेंद्र साहू काफी पीछे हैं। उन्होंने अब तक 2 लाख 341 रुपए खर्च करने का हिसाब निर्वाचन आयोग को दिया है। इसी सीट से बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी दिलीप रामटेके है। उन्होंने 84 हजार 860 रुपए खर्च किए हैं।



## आमने/सामने

### धर्म परिवर्तन कराने वाले की गर्दन काट देना


**रिकेश सेन**



भाजपा विधायक रिकेश सेन ने माता लक्ष्मी की तुलना भाजपा के निशान कमल फूल से करते हुए कहा, जो राम को लाए हैं, उन्हें फिर लाना है। उन्होंने कहा, सनातन धर्म और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अगर जान भी देनी पड़े तो देना, लेकिन धर्म को कभी बदलने नहीं देना। उन्होंने कहा, देश के अंदर जो धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश करे तो उसकी गर्दन काट कर रख देना।

### धर्म, जात, बिरादरी की बातों को संज्ञान में ले आयोग

**सचिन पायलट**



प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने भाजपा विधायक रिकेश सेन के विवादित बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा, चुनाव आयोग को इसे संज्ञान में लेना चाहिए। इस तरीके से धर्म, जाति, बिरादरी की बात करने से स्वस्थ लोकतंत्र की अच्छी परंपरा स्थापित नहीं हो रही है। उन्होंने कहा, मुद्दों की बात होनी चाहिए, रोजगार, खाद, तेल, बिजली और लोगों की मूलभूत सुविधाओं पर बात होनी चाहिए।

## 'शहजादे ने महाराजाओं का किया अपमान'

**बेलगावी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने राहुल पर तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों की ओर से किए गए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का भी आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था की स्थिति को लेकर कर्नाटक में पार्टी की सरकार पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा (राहुल गांधी) और उनकी बहन (प्रियंका गांधी वाड्रा) दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे।

### कर्नाटक की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने साधा राहुल पर निशाना



#### राहुल-प्रियंका से पूछे सवाल

प्रधानमंत्री ने पूछा कि वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और महिलाओं के आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुन: वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं। ..क्या आप इस लूट को होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा।

## 'दिल्ली वाले अंकल और नवीन बाबू की हुई शादी'

### उड़ीसा में राहुल ने बीजेपी-बीजद पर किया हमला

**केंद्रपाड़ा।** लोकसभा चुनाव के चलते कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के केंद्रपाड़ा में रैली को संबोधित किया। जिस दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल की साझेदारी पर हमला करते हुए कहा कि इसे साझेदारी कहें या शादी, बीजेडी और बीजेपी एक साथ हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जहां मोदी दिल्ली के करोड़पतियों के लिए सरकार चलाते हैं, वहीं नवीन पटनायक ओडिशा में चुनिंदा लोगों के लिए काम करने वाली सरकार चलाते हैं।



#### अरबपतियों की सरकार

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि जैसे पीएम नरेंद्र मोदी ने 22-25 अरबपतियों की सरकार केंद्र से चलाई, वैसे ही यहां नवीन पटनायक चुने हुए लोगों की सरकार चलाते हैं। पूरा का पूरा फायदा मुट्ठी भर लोगों का होता है और बाकी जनता देखती रह जाती है। राहुल गांधी ने आगे तेलंगाना का जिक्र करते हुए कहा कि तेलंगाना में बीजेपी और भारत राष्ट्रीय समिति की शादी थी। वहां पर हर रोज उनकी बारात निकलती थी।

### कांग्रेस व आप ने मिलकर भाजपा के खिलाफ रचा चक्रव्यूह

# क्लीन स्वीप की हैट्रिक... गुजरात में आसान नहीं भाजपा की डगर

*लोकसभा चुनाव में सूरत सीट को छोड़कर गुजरात की 25 सीटों के लिए सात मई को तीसरे चरण में मतदान होगा। पिछले दो लोकसभा चुनाव में सभी सीटें जीतकर क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा तीसरी बार गुजरात को फतह करने की तैयारी में है और उसी चुनावी रणनीति के साथ चुनाव मैदान में है। लेकिन कांग्रेस और आप ने कुछ सीटो पर ऐसा सियासी दांव खेला है, कि भाजपा का गुजरात में 'क्लीन स्वीप' की हैट्रिक बनाने का सपना टूट सकता है?*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

गुजरात के लोकसभा चुनाव में प्रमुख चुनावी मुकाबला कांग्रेस के साथ ही होना तय है, लेकिन इस बार गुजरात में चुनाव मैदान में उतरे अन्य दलों और निर्दलीयों की चुनावी ताल को भी नजरअंदाज करना सहज नहीं होगा, जो भाजपा व कांग्रेस की हार जीत के समीकरण को प्रभावित करने में सक्षम साबित हो सकते हैं।

गुजरात लोकसभा चुनाव में सूरत सीट को छोड़कर बाकी 25 सीटों के साथ ही सात मई को राज्य की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान कराया जाएगा। पिछले दो लोकसभा चुनाव में क्लीन स्वीप करने वाली भाजपा एक दशक से सभी सीटों पर काबिज है। 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात की 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। इनमें से सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द होने और बाकी सभी निर्दलीयों द्वारा अपने नामांकन वापस लेने की वजह से भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया जा सका है। यहां कांग्रेस ने 24 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किये हैं, जबकि दो सीटों पर कांग्रेस के सहयोगी दल ने अपने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा के खिलाफ नई रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरी कांग्रेस पार्टी का फोकस गुजरात की उन 14 लोकसभा सीटो पर होगा, जहां भाजपा ने मौजूदा सांसदों के टिकट काटकर नए चेहरों को उतारा है। गौरतलब है कि भाजपा ने अमित शाह, मनसुख मांडविया समेत केवल 12 मौजूदा सांसदों पर ही भरोसा जताया है। पिछले दिनों राजकोट लोकसभा सीट के भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की टिप्पणी से इस बार राजपूत समुदाय ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है, हालांकि रूपाला ने दो बार चुनावी रैली के बाद इसके लिए माफी भी मांग ली है, लेकिन कांग्रेस इस मुद्दे को हवा देकर राजपूतों को साधने में जुट गई है।




### अमित शाह समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर चुनाव और पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 7 मई को मतदान होगा। गुजरात में 4,94,49,469 मतदाता इस चुनावी समर में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं। चुनाव में उतरे कुल 266 प्रत्याशियों में भाजपा के टिकट पर गांधीनगर सीट से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही राजकोट सीट से केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, पोरबंदर सीट से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की प्रतिष्ठा दांव पर है। वहीं दाहोद सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह भाभोर और भरुच सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री मनसुख भाई बरुवा भी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। उधर कांग्रेस ने भी भाजपा के सामने चुनौती पेश करते हुए ज्यादातर सीटो पर केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के सामने मौजूदा विधायकों को चुनावी जंग में उतारा है।

### पांच विधानसभा सीटो पर उपचुनाव

गुजरात लोकसभा की 26 सीटों के साथ पांच विधानसभा सीटों वीजापुर, पोरबंदर, माणावदर, खंभात व वाघोडिया के लिए उप चुनाव के लिए भी सात मई को वोटिंग होगी। इन सीटों पर 2022 के चुनाव में जीते कांग्रेस के चार एक निर्दलीय विधायक ने इस्तीफा देकर भाजपा का दामन था। हालांकि आप के एक विधायक भी इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए थे,लेकिन उस सीट पर चुनाव नहीं हो रहा है। भाजपा ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर उन्हीं पूर्व विधायकों को इन सीटो पर उम्मीदवार बनाया है। इन विधानसभा सीटो कांग्रेस के सामने बागियों को चुनौती देने की परीक्षा होगी।

*भाजपा के ऑफर को ठुकराया*

## वरुण का रायबरेली से चुनाव लड़ने से इंकार

एजेंसी ▶▶| रायबरेली



भाजपा ने पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर योगी के मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, रायबरेली सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हैं। भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट पर गांधी बनाम गांधी कराना चाह रही थी, लेकिन वरुण गांधी ने पार्टी के ऑफर को ठुकरा दिया है। वरुण गांधी के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया है।

*राहुल गांधी पर गुमराह करने का लगाया आरोप*

## भागवत-शाह बोले, संघ-भाजपा हमेशा से आरक्षण का पक्षधर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच देश में एक बार फिर से आरक्षण पर बहस छिड़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण वाले बयान पर लगातार पलटवार किया जा रहा है। वहीं, इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसको लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गारंटी देते हुए कहा है कि जब तक मोदी सरकार है तब तक आरक्षण जारी रहेगा। उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी आरक्षण के मुद्दे पर अपनी बात रखी है। भागवत ने कहा है कि संघ





हमेशा से इसका पक्षधर (आरक्षण) रहा है। तेलंगाना के एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि संघ संविधान सम्मत सभी आरक्षण का प्रारंभ से ही समर्थन करते आया है। लेकिन कुछ लोग झूठे वीडियो चला रहे हैं। संघ का मानना है कि आरक्षण तब तक दिया जाना चाहिए जब तक कि इसकी जरूरत है।

#### जब तक मोदी सरकार है आरक्षण खत्म नहीं होगा

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। अगर बीजेपी की मनसा आरक्षण खत्म करने की होती तो कर चुकी होती। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण पर हमले किए हैं। वहीं भागवत ने कहा कि संघ शुरू से ही आरक्षण के पक्ष में रहा है। शाह ने कहा कि जामिया और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में आज भी एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी सरकार है तब तक एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण पर कुछ नहीं होगा।

*सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा*

## योगी के पास संतों जैसा वेश लेकिन ज्ञान नहीं

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



सपा नेता शिवपाल यादव ने सीएम योगी के चूरन वाले बयान पर कहा है कि वो संतों जैसे कपड़े केवल पहनते हैं लेकिन संतो जैसा उनको ज्ञान नहीं है। लगता है उनका ये नहीं पता है कि सत्यनारायण भगवान की कथा में चूरन नहीं बल्कि प्रसाद वितरित होता है। दरअसल जसवंतनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि शिवपाल यादव को असहाय स्थिति में देखकर मुझे दया आती है। समाजवादी पार्टी में उनकी भूमिका उस व्यक्ति की तरह है, जो सत्यनारायण की कथा सुनता है और फिर वहां वितरित चूरन खाता है।'

### 1987 का एक मामला है चुनाव आयोग की सख़्ती की मिसाल

# ...जब छीना गया था बाल ठाकरे का वोट डालने का अधिकार

### शिवसेना प्रमुख ने दिया था आपत्तिजनक बयान, हुआ था जमकर बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

इन दिनों लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान जारी है। बीजेपी के चुनाव प्रचार में राम मंदिर का इस्तेमाल और राजस्थान के बाँसवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी के भाषण में मुसलमानों के बारे में की गई टिप्पणी ताज़ा उदाहरण हैं जहाँ चुनाव आयोग की भूमिका पर विपक्षी दल सवाल पूछ रहे हैं। -ऐसे माहौल में करीब ढाई दशक पहले भड़काऊ चुनावी भाषण के लिए शिव सेना के संस्थापक बाल ठाकरे पर छह साल के लिए चुनाव लड़ने और वोट देने पर लगी पाबंदी याद आती है। दरअसल, 1987 में महाराष्ट्र विधानसभा की विले पार्ले (मुंबई) सीट पर उप-चुनाव हो रहा था। मुख्य मुक़ाबला कांग्रेस के उम्मीदवार प्रभाकर काशीनाथ कुंटे और निर्दलीय उम्मीदवार डॉ. रमेश यशवंत प्रभु के बीच था, डॉ. रमेश प्रभु को बाल ठाकरे की पार्टी शिव सेना का समर्थन था। शिव सेना सुप्रीमो बाल ठाकरे खुद डॉ. रमेश प्रभु के लिए चुनावी सभाओं के जरिए वोट मांग रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि 'हम हिंदुओं की रक्षा के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हमें मुस्लिम वोटों की चिंता नहीं है। ये देश हिंदुओं का था और हिंदुओं का ही रहेगा। उनके इन भाषणों की शिकायत हुई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था और उन पर कार्रवाई भी हुई थी। उस समय सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेएस वर्मा ने अपने फ़ैसले में लिखा था, "विले पार्ले विधानसभा क्षेत्र में 29 नवंबर, 9 दिसंबर और 10 दिसंबर 1987 को चुनावी सभाओं में डॉ. रमेश प्रभु और बाल ठाकरे के दिए गए भाषणों को जांच का आधार बनाया गया है। उनके इन भाषणों के आधार पर दोनों को चुनाव में भ्रष्ट आचरण का दोषी पाया जाता है।



### बाल ठाकरे छह साल के लिए मताधिकार से किए गए वंचित

सुप्रीम कोर्ट की ओर से बाल ठाकरे का मामला राष्ट्रपति को भेजा गया, उस समय राष्ट्रपति थे केआर नारायणन. मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर उस समय डॉ. मनोहर सिंह गिल थे और उनके साथ जेएम लिंग्दोह और टीएस कृष्णमूर्ति चुनाव आयुक्त थे। राष्ट्रपति नारायणन ने तय प्रक्रिया के तहत बाल ठाकरे का मामला चुनाव आयोग के पास भेजा, चुनाव आयोग ने 22 सितंबर 1998 को अपनी सिफ़ारिश राष्ट्रपति कार्यालय को भेजी, इस सिफ़ारिश में तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. मनोहर सिंह गिल ने लिखा था कि अदालत में दोषी पाए जाने के कारण बाल ठाकरे को छह साल (11 दिसंबर 1995 से 10 दिसंबर 2001 तक) के लिए मताधिकार से वंचित कर दिया जाए। चुनाव आयोग की इस सिफारिश पर तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने 28 जुलाई 1999 को छह साल के लिए बाल ठाकरे के मताधिकार पर रोक लगा दी थी।

### 2004 में हटा था प्रतिबंध

यह पूरा वाकया बताता है कि उस समय देश की संवैधानिक संस्थाएं अपने आपमें कितनी मजबूत और अपने दायित्वों के प्रति कितनी मुस्तैद थीं। सजा के कारण बाल ठाकरे 1999 के लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में वोट नहीं डाल पाए थे, उन्होंने 2004 में प्रतिबंध हटने के बाद पहली बार वोट डाला था।